गतिविधि 9. अभिभावक नीचे लिखे मजेदार वाक्य को पढ़कर बच्चों को सुनायें तथा उन्हें जल्दी जल्दी बोलने को कहें पहेली पढ़कर सुनायें और बच्चे को सही जवाब तक पहुँचने में मदद करें।

मजेदार वाक्य –	पहेलियाँ –
1 – पीतल के पतीले में पपीता पीला पीतल के पतीले में पपीता पीला 2– कच्चा पापड़ पक्का पापड़ कच्चा पापड़ पक्का पापड़	• अगर नाक पर चढ़ जाऊँ कान पकड़ कर तुम्हें पढ़ाऊँ • एक लाठी की सुनो कहानी भरा इसमें मीठा पानी जवाब – चश्मा, गन्ना

गतिविधि 10. अभिभावक बच्चों से साबुन के झाग से बबल (गुब्बारे) बनाने का खेल कराएँ।

सामग्री – एक कटोरा, साबुन या निरमा पाउडर, पानी, खाली रिफिल या प्लास्टिक का पतला पाइप।

विधि – कटोरे में चुटकी भर निरमा पाउडर डालकर पानी में मिला लें। थोड़ा हिलाने से झाग बन जाएगा। फिर पाइप से कटोरे में धीरे–धीरे फूक मारें। अब बुलबुले बनने लगेंगे। इसके बाद बच्चे को भी इस प्रकार से ही इस खेल को करने के अवसर दें।

गतिविधि 11. अभिभावक बच्चों से नीचे दिए गए चित्रों में चार अंतर खोज कर गोला लगाने को कहें।

गतिविधि 12. अभिभावक बच्चों को कहानी पढ़कर सुनाएँ व नीचे दिए गए प्रश्नों पर चर्चा करें

हेमा के मामा आए। मामा केले लेकर आए। मामा ने केले लेने को कहा। हेमा ने मामा का कहना माना।

प्रश्न 1– क्या हेमा के मामा आए ?
प्रश्न 2– मामा क्या लेकर आए ?
प्रश्न 3– केले लेने को किसने कहा ?

शिक्षकों के नाम –––
श्रीमती रिचा तिवारी, श्री बलवंत सिंह कलाकोटी
श्री प्रकाश चौबे, जगदीश दफ़ौती
विकास खंड – बागेश्वर

तकनीकी सहयोग
– रूम टू रीड इण्डिया ट्रस्ट

Room to Read

कक्षा–1. वर्क शीट –1 साप्ताहिक

पाठ–1 (झूला)

बच्चे का नाम........................	स्कूल..
अभिभावक का नाम...................	मोबाइल नम्बर..............................

अभिभावकों के लिए– हम आशा करते हैं कि आप या घर का कोई भी सदस्य इस वर्क शीट के कार्य को पूरा करने में बच्चे की मदद करेंगे।

गतिविधि 1. अभिभावकों के लिए – नीचे दिए गए चित्र को बच्चों से ध्यान पूर्वक देखने को कहें तथा बच्चों से इस पर बातचीत करें जैसे – चित्र में आपको क्या–क्या दिखाई दे रहा है। यह चित्र कहाँ का होगा? इस चित्र में बच्चे क्या–क्या खेल खेल रहे हैं? चित्र में झूला कौन झुला रहा है? बच्चों बताओ कि झूला कहाँ पर लगा होगा? क्या आपने भी कभी झूला झूला है झूला झूलते हुए आपको कैसा लगा?

गतिविधि 2. बच्चे बिन्दुओं को मिलाकर आकार बनाएँ।



गतिविधि 3. अभिभावक बच्चों को नीचे लिखे शब्दों का अर्थ बताकर वाक्य प्रयोग कराएँ।

शब्द		अर्थ		वाक्य प्रयोग
आसमान	-	आकाश	-	आसमान पर बादल हैं।
अम्मा	-	माँ	-	....
रिमझिम	-	धीरे–धीरे	-	....
डाली	-	पेड़ की शाखा	-	....

गतिविधि 4. अभिभावक कविता को हाव–भाव से पढ़कर बच्चों को सुनाएँ तथा बच्चों से भी कविता का दोहराव करने को कहें।

कविता झूला

अम्मा आज लगा दे झूला,
इस झूले पर मैं झूलूँगा।
इस पर चढ़कर ऊपर बढ़कर,
आसमान को मैं छू लूँगा।
झूला झूल रही है डाली,
झूल रहा है पत्ता–पत्ता।
इस झूले पर बढ़ा मजा है
चल दिल्ली, ले चल कलकत्ता।
झूल रही नीचे की धरती।
उड़ चल उड़ चल,उड़ चल उड़ चल।
बरस रहा है रिमझिम–रिमझिम,
उड़कर मैं लूटूँ दल–बादल।

गतिविधि 5. अभिभावक बच्चों से नीचे दिए गए प्रश्न पूछें तथा जवाब देने में उनकी मदद करें।

प्रश्न 1– इस कविता में बच्चा झूला लगाने के लिए किससे कह रहा है?
प्रश्न 2– झूले पर चढ़कर बच्चा किसे छूना चाहता है?
प्रश्न 3– कविता के चित्र में झूला कहाँ लगा है इसके अलावा हम और कौन से तरीकों से झूला झूल सकते हैं?

गतिविधि 6. बच्चे बिन्दुओं को मिलाकर चित्र पूरा करें और मनपसंद रंग भरें।



गतिविधि 7. अभिभावक बच्चों से बादल और झूला का चित्र बनाने को कहें उनकी मदद करें तथा चित्र में रंग भरें।

गतिविधि 8. अभिभावक नीचे दिए गए चित्रों को सही नाम से मिलान करवाएँ।

शब्द	चित्र
पेड़	
घर	
स्कूल	
चिड़िया	